भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4778

दिनांक 31.03.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

शौचालयों का निर्माण

4778. श्री फ्रांसिस्को सर्दिन्हा:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा गत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के तहत विभिन्न राज्यों में निर्मित शौचालयों की जिले-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या इस मिशन के तहत शौचालय निर्माण के लिए सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी, राज्य-वार और जिले-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (घ): स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) [एसबीएम (जी)] एक मांग आधारित योजना है। अत: इस कार्यक्रम के तहत व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों (आईएचएचएल) के निर्माण हेतु कोई निर्धारित लक्ष्य तय नहीं किया जा सकता है। एसबीएम (जी) की ऑनलाइन एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित किए गए डाटा के अनुसार, कार्यक्रम के तहत 2014-15 से 2021-22 तक लगभग 11 करोड़ आईएचएचएल का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम के तहत निर्मित आईएचएचएल के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र तथा जिला-वार ब्यौरे पब्लिक डॉमेन में निम्न लिंक पर उपलब्ध है: https://sbm.gov.in/sbmReport/Report/Physical/SBM_TargetVsAchievementWithout1314.aspx

***